


## National Garlic Day!

Observed on April 19, National Garlic Day honours one of the world's oldest and most versatile ingredients, often called the 'stinking rose.' A member of the lily family, garlic has been used for over 7,000 years across global cuisines. Beyond its strong flavour, it is valued for medicinal benefits, including boosting immunity, reducing blood pressure, and offering antibiotic properties. Steeped in folklore, garlic was once believed to ward off evil spirits and bring courage. Today, the day is best marked by cooking garlic-rich dishes, sharing recipes, or even planting it, celebrating both its culinary charm and health benefits.

#WEATHER

# India Braces for Intense Heatwave

Dry winds sweeping across the subcontinent are contributing to the rapid rise in temperatures. These winds reduce moisture in the air, making conditions harsher




India is currently facing an intense and early heatwave, with temperatures soaring across large parts of the country and expected to remain extremely high over the next two weeks. In many regions, daytime temperatures have already crossed 40-43°C, and forecasts suggest that some areas could see further increases, reaching as high as 43-45°C in the coming days.

According to the India Meteorological Department (IMD), the unusual spike in temperature is being driven by multiple factors. One of the primary reasons is the absence of western disturbances, weather systems that typically bring clouds, rainfall, and cooler conditions to northern India during this time of year. Without these disturbances, skies have remained largely clear, allowing direct solar radiation to heat the land more intensely.

In addition, dry winds sweeping across the subcontinent are contributing to the rapid rise in temperatures. These winds reduce moisture in the air, making conditions harsher and accelerating heat buildup during the daytime. As a result, several regions are recording temperatures that are 4-8°C above normal for this period.

The impact is being felt most severely in states such as Maharashtra, Gujarat, Madhya Pradesh, Rajasthan, and parts of South India. Cities in these regions have already reported temperatures exceeding 42-43°C, prompting authorities to issue heatwave alerts and




advisories. These alerts warn residents of the potential health risks associated with prolonged exposure to extreme heat, including dehydration, heat exhaustion, and heatstroke.

Experts suggest that this pattern is an early indication of a hotter-than-normal summer ahead. Climate trends in recent years have shown an increase in both the frequency and intensity of heatwaves across India, and current conditions appear to align with those projections. The combination of rising baseline temperatures and persistent dry weather is expected to result in more frequent heatwave episodes in the weeks to come.

Authorities are urging people to take precautions, such as staying hydrated, avoiding outdoor activities during peak afternoon hours, and checking on vulnerable populations like the elderly and children. As the heatwave continues to intensify, preparedness and awareness will be key to minimizing its impact. Overall, the current situation highlights the growing challenge of extreme weather in India, with rising temperatures posing serious risks to public health, agriculture, and daily life.



# She Stuck It Out And Bore The Kings Of England



John Beaufort became Earl of Somerset.



Henry Beaufort became a cardinal.



Thomas Beaufort became Duke of Exeter.

Medieval England could tolerate noblemen having mistresses, that was practically expected. But the way John and Katherine conducted their relationship was different. He didn't hide her. He brought her to court. He acknowledged their children, four of them, born between 1373 and 1379, all given the surname Beaufort after one of John's castles in France. Their names: John, Henry, Thomas, and Joan Beaufort. All illegitimate. All openly acknowledged by one of England's most powerful nobles. John Beaufort became Earl of Somerset. Henry Beaufort became a cardinal and one of the most powerful churchmen in England. Thomas Beaufort became Duke of Exeter. Joan Beaufort married into Scottish royalty. John Beaufort's granddaughter was Margaret Beaufort. In 1457, at age thirteen, Margaret gave birth to a son: Henry Tudor.



John of Gaunt and Katherine Swynford.

● Bulbul Joshi

She was his mistress for 25 years while he was married to someone else, bore him four illegitimate children, and then he married her anyway, making her a duchess and her children descendants of the Tudor dynasty.

England, 1396. John of Gaunt, Duke of Lancaster, the richest and most powerful nobleman in England, uncle to the king, stood before witnesses and married his mistress. Not a young mistress. Not a strategic alliance. His longtime lover, a woman he'd been sleeping with for over two decades while married to someone else.

Katherine Swynford was about 46 years old. She'd been John's mistress since her twenties. She'd borne him four children. She'd been publicly denounced, called a witch and a whore, blamed for corrupting one of England's most powerful men.

And now he was making her his wife. His duchess. One of the highest-ranking noblewomen in England.

It was one of the most scandalous marriages in medieval English history.

Katherine came to England as a child, probably around 1360, when her father Paon de Roet, a herald and minor knight from Hainault, followed Queen Philippa to the English court.

Katherine and her sister Philippa (who would later marry the poet Geoffrey Chaucer) were brought up in the queen's household. Good education for girls from knightly families, but nothing remarkable. They were expected to make decent marriages to minor nobles and live quiet, respectable lives. Katherine did exactly that. Around 1366, she married Hugh Swynford, a knight in the service of John of Gaunt, Duke of Lancaster. John of Gaunt was King Edward III's third surviving son, one of the most powerful men in England. He'd married Blanche of Lancaster in 1359, becoming Duke of Lancaster through that marriage. Blanche was lovely, well-born, wealthy. By all accounts, John loved her.

Katherine entered John's household as governess to his and Blanche's daughters. She was just one of many servants and attendants. Hugh was often away on military campaigns. Katherine managed the children, taught them, lived a quiet life in John's vast household.

Then, in 1368, Blanche died, probably of plague. John was devastated. Katherine was there. Grieving with him. Caring for his children who'd just lost their mother.

And something shifted.

By 1371, it was clear: Katherine Swynford and John of Gaunt were lovers.

But here's the complication: in 1371, John married again. His second marriage was pure politics. Constance of Castile, daughter of the deposed King of Castile. The marriage gave John a claim to the Castilian throne, a claim he'd spend years and fortunes trying to pursue.

He married Constance for power. But he didn't stop sleeping with Katherine. Katherine's husband Hugh died around 1372. She was now a widow with children to support. John set her up with income, estates, a comfortable life. But she wasn't his wife, she was his mistress. Openly. Everyone knew.

And everyone was scandalized.

Medieval England could tolerate noblemen having mistresses, that was practically expected. But the way John and Katherine conducted their relationship was different.

He didn't hide her. He brought her to court. He acknowledged their children, four of them, born between 1373 and 1379, all given the surname Beaufort after one of John's castles in France.

Their names: John, Henry, Thomas, and Joan Beaufort.

#HISTORY



Margaret Beaufort.



Henry Tudor.

All illegitimate. All openly acknowledged by one of England's most powerful nobles while he was married to someone else.

The church was furious. Moralists condemned them. Political enemies used the affair as ammunition, accusing John of being controlled by his mistress, calling Katherine a witch who'd enchanted him.

In 1381, during the Peasants' Revolt, rebels specifically targeted John of Gaunt's properties, and they called for Katherine Swynford to be burned as a witch and whore.

The political pressure became too intense. In 1381, John ended the affair. He sent Katherine away. For thirteen years, they stayed apart. During that time, John pursued his claim to Castile, traveling to Spain with his wife Constance, fighting campaigns, playing politics.

But he never forgot Katherine.

In 1394, Constance of Castile died. John was finally free. Within two years, he married Katherine. Think about what that meant in 1396. John of Gaunt could have married anyone. He was 56 years old, immensely wealthy, uncle to King Richard II, one of the most powerful men in Europe.

He could have made a strategic alliance with a foreign princess. He could have married a young noblewoman and tried for more legitimate heirs. Instead, he married his 46-year-old former mistress. A woman with no great family connections. A woman who'd been publicly denounced as a whore. A woman who'd already given him four illegitimate children.

He married her because he loved her. Because after 25 years, on and off, she was the person he wanted to spend the rest of his life with.

The marriage was shocking. But it was legal. And it transformed Katherine's life completely.

Overnight, Katherine Swynford went from scandal to respectability. From mistress to Duchess of Lancaster. One of the highest ranking women in England. Her four Beaufort children were still illegitimate, but John petitioned King Richard II to legitimize them. In 1397, Richard issued letters patent declaring the Beaufort children legitimate, with all rights of inheritance. Suddenly, John and Katherine's illegitimate children were legally noble. They could inherit. They could marry into aristocracy. They had status. There was one caveat: the legitimization specifically excluded them from the line of royal succession. They were legitimate, but they couldn't claim the throne. That restriction would become important later. John of Gaunt died in 1399. He'd been married to Katherine for only three years. But those three years changed everything. Katherine lived as Duchess of Lancaster until her death in 1403. She was buried in Lincoln Cathedral, not in scandal, but in honour.

Her children, the Beauforts, became major players in English politics. John Beaufort became Earl of Somerset. Henry Beaufort became a cardinal and one of the most powerful churchmen in England. Thomas Beaufort became Duke of Exeter. Joan Beaufort married into Scottish royalty.

And here's where it gets really interesting: John Beaufort's granddaughter was Margaret Beaufort. In 1457, at age thirteen, Margaret gave birth to a son: Henry Tudor.

That baby, descended from Katherine Swynford and John of Gaunt's illegitimate affair, would eventually become King Henry VII, founder of the Tudor dynasty.

Every English and British monarch from 1485 to 1603 was Katherine Swynford's descendant. Elizabeth I. Henry VIII. All of them traced their royal lineage through the Beaufort line, through the legitimized children of a medieval mistress.

Think about how wild that is.

Katherine Swynford started as a governess. Became a scandalous mistress. Was denounced as a whore and a witch. Bore four illegitimate children. And ended up as the ancestress of the Tudor dynasty. If John of Gaunt hadn't married her, the Beauforts wouldn't have been legitimized. If the Beauforts hadn't been legitimized, Margaret Beaufort wouldn't have had any claim to pass to her son. If Henry Tudor didn't have that Beaufort claim (however tenuous), he likely wouldn't have won support to challenge Richard III.

The entire Tudor dynasty, arguably England's most famous royal house, traces back to a medieval affair that scandalized England for decades. Katherine lived long enough to see her children established, respected, powerful. She died in 1403, buried with honours as Duchess of Lancaster. Not everyone gets a happy ending. Katherine did.

After 25 years as a mistress, enduring public condemnation, political attacks, accusations of witchcraft, she spent her final years as a respected duchess with legitimized children. Her story is remarkable not because it was typical (it absolutely wasn't), but because it shows how love, persistence, and sheer determination could occasionally crack open the rigid structures of medieval society. John of Gaunt had every political reason to abandon Katherine. He didn't. When he finally could marry her, he did, immediately.

Katherine had every reason to accept her position as mistress quietly. She didn't. She bore his children openly. She endured the scandal. And when he finally married her, she claimed her position as duchess without apology.

The next time you see a portrait of Henry VIII or Elizabeth I, remember: they existed because a medieval duke loved his mistress enough to marry her, and because that mistress was strong enough to endure decades of scandal without backing down.

rajeshsharma1049@gmail.com

#INNOVATION

# Kedali Transformed Idli

## Idlis From Dal-Based Origins to Protein-Packed South Indian Staple



Idli, the soft, fluffy steamed cake that is a breakfast favorite across South India, is often thought of as a simple rice-based dish. However, the origins of idli are far older and more surprising, they were originally made from lentils (dal), not rice. Tracing its journey from early Southeast Asia to India reveals a fascinating story of culinary evolution, nutrition, and cultural exchange.

### Early Origins: Dal-Based Idlis in Indonesia

Historical accounts suggest that idli-like preparations existed in Indonesia and other parts of Southeast Asia long before rice became the dominant ingredient in South India. In these early versions, a batter made of fermented chickpeas, black gram, or other lentils was steamed to create a soft, protein-rich cake. In Indonesia, a similar dish called 'kedali' or 'kedelai' (meaning soybean or legume-based cake) was common among local communities. The fermentation process not only improved digestibility but also added a mild tang and preserved the dish for longer periods. The use of dal as the primary ingredient made these cakes nutritionally dense, especially in protein, which was vital for communities relying on vegetarian diets. The dish was portable, easy to cook over steam, and provided sustained energy for daily labourers and traders.

### Introduction to India: The Chola Influence

It is believed that the Cholas, one of the great dynasties of South India (circa 9th-13th centuries), encountered these dal-based steamed cakes during their trade and military expeditions in Southeast Asia. They brought the idea back to the Indian subcontinent, where local ingredients and tastes began to influence the recipe.

Over time, rice was incorporated alongside dal to create a more balanced and voluminous batter. This adaptation made idlis lighter, fluffier, and easier to ferment. The combination of rice and lentils became standard in South Indian cuisine, and the classic idli, as we know it today, was born.



### The Role of Soy and Lentils in Nutrition

Traditional idli batters use split black gram (urad dal) alongside rice. Some modern variations have experimented with soybeans, moong dal, or other legumes to further increase the protein content. Using more dal in the batter not only enhances nutrition but also improves fermentation, resulting in a slightly tangy flavour and soft, spongy texture. By adjusting the rice-to-dal ratio, contemporary cooks have created high-protein idlis suitable for vegetarians, athletes, and anyone seeking a nutritious, low-fat breakfast. The dal contributes essential amino acids, iron, and B vitamins, making the dish more than just comfort food, it becomes a balanced source of energy.


### Cultural and Culinary Significance

Idlis are more than a breakfast dish; they are a reflection of historical trade, cross-cultural exchange, and agricultural adaptation. From dal-based cakes in Southeast Asia to rice-lentil blends in South India, the evolution of idli mirrors how cuisines adapt and innovate over time while preserving nutritional value. Steamed idlis also demonstrate an early understanding of fermentation, which improves digestibility, enhances flavours, and preserves food without refrigeration, a technique common across Southeast Asia and India.

### Modern Innovation


Today, chefs and home cooks continue to experiment with dal-heavy idlis, incorporating soy, chickpeas, and moong dal to create protein-rich, gluten-free variants. Some even use millets along with dal to make healthy fusion idlis, retaining the traditional softness while boosting nutritional benefits.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# "विश्व धरोहर दिवस" पर जोधपुर में रियासती रेलवे विरासत की प्रदर्शनी लगाई

## प्रदर्शनी में विशेष रूप से रियासतीकालीन रेलवे से जुड़े मॉडल्स को प्रदर्शित किया गया

**जोधपुर, (कासं)।** उत्तर-पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल कैरेज वर्कशॉप में शनिवार को "विश्व धरोहर दिवस" के अवसर पर आयोजित प्रदर्शनी केवल मॉडल्स का प्रदर्शन भर नहीं रही, बल्कि यह भारतीय रेल के गौरवशाली अतीत की जीवंत झलक बनकर सामने आई।

■ **प्रदर्शनी में प्रदर्शित स्टीम इंजनों, पुरानी बोगियों और स्टेशन संरचनाओं के मॉडल्स ने उस युग की तकनीकी कुशलता और स्थापत्य कला को भी उजागर किया**

मुख्य कारखाना प्रबंधक रवि मीणा ने बताया कि जोधपुर मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी के निर्देशानुसार आयोजित इस प्रदर्शनी में विशेष रूप से रियासतीकालीन रेलवे से जुड़े मॉडल्स को प्रदर्शित किया गया। ये मॉडल उस दौर की कहानी कहते हैं, जब मारवाड़ क्षेत्र में रेल केवल परिवहन का साधन नहीं बल्कि सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन का माध्यम बनी थी।

इतिहास पर नजर डाले तो जोधपुर रियासत में रेलवे की शुरुआत 19वीं सदी के उत्तरार्द्ध में हुई, जब मारवाड़ राज्य ने अपने व्यापारिक हितों और सामरिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए रेल नेटवर्क का विकास शुरू किया। जोधपुर-बीकानेर रेलवे उस समय की प्रमुख रियासती रेल प्रणालियों में से एक थी, जिसने पश्चिमी राजस्थान को देश के अन्य हिस्सों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ऊंटों और बैलगाड़ियों पर निर्भर क्षेत्र में रेल के आगमन ने व्यापार, विशेषकर नमक, ऊन और मसालों के परिवहन को नई गति दी। प्रदर्शनी में प्रदर्शित स्टीम इंजनों, पुरानी बोगियों और स्टेशन संरचनाओं के मॉडल्स ने उस युग की तकनीकी कुशलता और स्थापत्य कला को भी उजागर किया। उस समय के लोकोमोटिव न केवल इंजीनियरिंग का उत्कृष्ट उदाहरण थे, बल्कि वे उस युग की औद्योगिक क्रांति के प्रतीक भी माने जाते थे। प्रदर्शनी में बॉम्ब शैल विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। वर्ष 1942 में द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान कार्यशाला में आवश्यकता अनुसार बॉम्ब शैल और अन्य सैन्य उपकरणों का उत्पादन किया गया था, जो उस समय रेलवे की बहुआयामी भूमिका को दर्शाता है। इस ऐतिहासिक योगदान को दर्शाने वाला एक विस्तृत शिलालेख भी प्रदर्शनी में रखा गया, जिसने दर्शकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। इसके अलावा आईसीएफ स्लीपर कोच,कंटेनर वैगन, टैंक, वुडेन स्लीपर कोच, स्टीम लोकोमोटिव मॉडल तथा सेमी हाई स्पीड वंदे भारत एक्सप्रेस के मॉडल भी प्रदर्शनी में प्रमुख आकर्षण बने रहे, जिन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और उन्होंने रेलवे के ऐतिहासिक से आधुनिक सफर को करीब से महसूस किया।

मुख्य कारखाना प्रबंधक के अनुसार प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को यह समझाना रहा कि आज की आधुनिक रेलवे जिन उन्नत तकनीकों और सुविधाओं के साथ कार्य कर रही है, उसकी नींव इन्हीं ऐतिहासिक प्रयासों पर आधारित है। यह आयोजन न केवल अतीत को संजोने का प्रयास था, बल्कि भविष्य के लिए प्रेरणा देने का भी माध्यम बना।

# टोंक में कहासुनी के बाद लाठी व पत्थरबाजी में बुजुर्ग की मौत

**टोंक, (निसं)।** निवाई थाना क्षेत्र के गांव भांवता में दो पक्षों में विवाद ज्यादा बढ़ने के बाद लाठी व पत्थरबाजी में गंभीर चोट लगने से बुजुर्ग की मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार निवाई थाना क्षेत्र के भांवता गांव में शुक्रवार देर रात्रि को दो पक्षों के बीच मामूली विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। इस दौरान लाठी व पत्थर चलने के बाद दोनों पक्षो में कई लोग घायल हो गए। घटना में बुजुर्ग प्रभु बैरवा पुत्र ग्यारसी बैरवा निवासी भांवता खेड़ा की ढाणी की उपचार के दौरान मौत हो गई। इस हिंसक झड़प में मृतक प्रभु बैरवा का बेटा निम्बू भी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दूसरे पक्ष से कजोड़ बैरवा, सतू देवी और मूर्तियां देवी भी घायल हुए हैं। घटना की सूचना के बाद अस्पताल में वृताधिकारी निवाई रवि प्रकाश शर्मा और निवाई थाना प्रभारी घासीराम उपजिला अस्पताल निवाई घायलो से मिलने पहुंचे तथा वहां उन्होंने घायलों की स्थिति का जायजा लिया। घटना के बाद अस्पताल में सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई, जिससे तनावपूर्ण स्थिति बन गई, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने मृतक प्रभु बैरवा के शव को कब्जे में लेकर उप जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। थाना प्रभारी घासीराम ने बताया कि मृतक के परिजनों की शिकायत पर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि ये विवाद मामूली कहासुनी से शुरू हुआ था, जो बाद में हिंसक संघर्ष में बदल गया। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# हनुमानगढ़ में सड़क निर्माण में गड़बड़ी पर हंगामा किया

**हनुमानगढ़, (निसं)।** जंक्शन क्षेत्र में राजीव चौक से बस स्टैंड रोड पर चल रहे सड़क निर्माण कार्य में अनियमितताओं को लेकर शनिवार को हंगामा हो गया। निर्माण में लेवल गड़बड़ी से नाराज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मनीष मक्कासर के नेतृत्व में राजीव चौक के पास चक्काजाम कर दिया। इस प्रदर्शन के कारण कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा।

■ **कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर आंदोलन की चेतावनी दी**

प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि सड़क किनारे लगभग 20 फीट क्षेत्र में लगाए जा रहे सीमेंट निर्मित चौकों को एक समान लेवल में नहीं बिछाया जा रहा है। इसके परिणामस्वरूप सड़क कहीं ऊंची और कहीं नीची बन रही है, जिससे भविष्य में आमजन व व्यापारियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने निर्माण कार्य में गुणवत्ता और तकनीकी मानकों की अनदेखी का आरोप लगाया।

जिलाध्यक्ष मनीष मक्कासर ने बताया कि हाल की बारिश में शहर के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति सामने आई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके बावजूद नगर परिषद और प्रशासन निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर गंभीर नहीं हैं और पुरानी गलतियों को दोहराया जा रहा है। मक्कासर ने यह भी बताया कि जंक्शन में राजीव चौक से बस स्टैंड तक 40 फीट चौड़ी सड़क का निर्माण हो रहा है। हालांकि, इसमें से लगभग 20 फीट हिस्से में सीमेंट चौके लगाकर जगह घेर ली गई है, जिससे सड़क की उपयोगिता कम हो रही है। कार्यकर्ताओं ने यह भी शिकायत की कि पिछले एक महीने से निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है और टूटी सड़क पर पत्थर डालकर छोड़ दिए गए हैं, जिससे आवागमन में बाधा आ रही है।

प्रदर्शनकारियों ने एक और आरोप लगाया कि सीमेंट चौकों का लेवल नालियों से नीचे रखा जा रहा है। इससे बरसात के दौरान पानी की निकासी प्रभावित होगी और दुकानों के सामने जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि निर्माण कार्य को तकनीकी मानकों के अनुसार ठीक नहीं किया गया, तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे।

# टारगेट पूरा करने के दबाव में पोस्टमैन ने एक ही व्यक्ति के 20 आरडी खाते खोले

**अलवर, (निसं)।** प्रतापगढ़ में डाक विभाग से जुड़ा एक अजीब मामला सामने आया है, जहां एक पोस्टमैन ने टारगेट पूरा करने के लिए एक ही ग्राहक के नाम पर 20 आरडी खाते खोल दिए।

■ **पोस्टमैन कैलाश मीणा का कहना है कि मार्च महीने में उन्हें 101 आरडी खाते खोलने का लक्ष्य दिया गया था, लेकिन लक्ष्य पूरा नहीं हो पाया**

पीड़ित मनोज के अनुसार, उसने 25 मार्च को पोस्ट ऑफिस में एक आरडी खाता खुलवाने के लिए पोस्टमैन कैलाश मीणा को दो हजार रुपए दिए थे। कैलाश मीणा प्रतापगढ़ पोस्ट ऑफिस में पोस्टमैन हैं। उसने 26 मार्च को एक ही फॉर्म पर साइन करवाकर 100-100 रुपए के 20 अलग-अलग खाते खोल दिए। मनोज ने कहा कि शुक्रवार को पोस्टमैन 20 पासबुक उसके पास छोड़ गया। जब उसने इस बारे में सवाल किया तो पोस्टमैन ने बताया कि उसके टारगेट पूरे नहीं हो रहे थे, इसलिए उसने ऐसा किया और आगे खुद ही पैसे जमा करवाने की बात कही। इस पर मनोज ने आपत्ति जताई और पोस्टमैन से कहा कि वह 20 खातों का क्या करेगा और इतनी सारी पर्चियां कैसे संभालेगा। मनोज ने खुद की किराने की दुकान पर सभी पासबुक रखकर लोगों को भी इस मामले की जानकारी दी।

पोस्टमैन कैलाश मीणा का कहना है कि मार्च महीने में उन्हें 101 आरडी खाते खोलने का लक्ष्य दिया गया था। 23 मार्च तक उन्होंने 81 खाते खोल लिए थे, लेकिन लक्ष्य पूरा नहीं हो पाया। उनके अनुसार, कार्यालय के अधिकारी लगातार दबाव बना रहे थे और किसी भी तरह टारगेट पूरा करने के निर्देश दे रहे थे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पोस्टमास्टर संजीव यादव उन पर विशेष रूप से दबाव डाल रहे थे। इसी दबाव के चलते उन्होंने एक ही फॉर्म पर हस्ताक्षर करवाकर 20 खाते खोल दिए। कैलाश मीणा ने स्वीकार किया कि उससे गलती हुई है। कहा कि वह ग्राहक के 2 हजार रुपए दो दिन के अंदर वापस कर देगा।

पीड़ित जब इस मामले को लेकर पोस्टमास्टर संजीव यादव के पास पहुंचा तो संतोषजनक जवाब नहीं मिला और उसे पोस्टमैन से ही बात करने को कहा गया।

वहीं, डाक अधीक्षक जब्बार ने कहा है कि मामले की जांच की जाएगी और उसके बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

## मां-बेटी के कब्जे से स्मैक जब्त

**टोंक, (निसं)।** देवली थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए एक मां-बेटी से 600 ग्राम स्मैक और 3 लाख 44 हजार रुपए से अधिक की नकदी जब्त की है।

देवली थानाधिकारी दौलत राम गुर्जर ने बताया कि टीम ने गश्त के दौरान संदिग्ध पाए जाने पर आरोपिया राजराणी देवी पत्नी सत सिंह सांसी और उकीस बेटी शिवानी मालावत को गिरफ्तार कर उसकी तलाशी के बाद राजराणी देवी के कब्जे से 304.4 ग्राम स्मैक और 2 लाख 67 हजार 300 रुपए नकद बरामद की है। वहीं शिवानी मालावत के कब्जे से 300.4 ग्राम शुद्ध स्मैक और 77 हजार 187 नकद मिले। पुलिस टीम ने मौके से अवैध मादक पदार्थ स्मैक और नकदी, इलेक्ट्रॉनिक कांटा, जिपर पैक प्लास्टिक थैलियों का पैकेट मिला।

## कोटा में चलती बस में सीएनजी लीक होने से आग लगी

**कोटा, (निसं)।** कोटा-अनंतपुरा फ्लाईओवर के नजदीक शुक्रवार देर रात्रि को लोक परिवहन की सीएनजी बस में आग लग गई।

जानकारी के अनुसार बस झालावाड़ जिले के अकलेरा से कोटा आ रही थी। अचानक सीएनजी लीक होने से बस ने आग पकड़ ली और चंद मिनट में आग पूरी बस में फैल गई और भयंकर धुआं फैल गया। गनीमत रही कि बस कोटा से 40 किलोमीटर पहले मंडाना में ही खराब हो गई थी। उस समय बस में सवार दो दर्जन यात्रीयों को मंडाना में दूसरी बस में शिफ्ट कर दिया था और आग लगने की घटना के समय बस में ड्राइवर और कंडक्टर थे, जो सकुशल उतर गए। अनंतपुरा थानाधिकारी रमेश कविया ने बताया कि इलाके में स्थित रियलांस पेट्रोल पंप के सामने शुक्रवार देर रात्रि को एक बस में आग लगी थी, बस में आग की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और तत्काल दमकल बुलाई गई। दमकलों की मदद से आग पर काबू पाया गया। थानाधिकारी ने बताया कि मंडाना में बस में खराब होने से यात्रियों को बस से पहले ही उतार दिया था। घटना के समय चालक व परिचालक बस में थे जो सहकुशल बस से पहले ही उतर गये। नगर निगम के मुख्य अग्निशमन अधिकारी राकेश व्यास ने बताया कि बस झालावाड़ से कोटा की तरफ आ रही थी। आग लगने की सूचना मिलते ही तत्काल दो दमकल भेजी और आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन जब तक बस पूरी तरह से जल गई थी।

## श्रीगंगानगर में धूल भरी आंधी चली

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** जिले में वेस्टर्न डिस्टरबेंस के असर से जिले का मौसम शनिवार को पूरी तरह बदल गया। सुबह से ही धूल भरी तेज आंधी के साथ हवाएं चल रही हैं, जिससे मौसम में ठंडक घुल गई है।

पड़ोसी जिले हनुमानगढ़ में शुक्रवार को हुई बारिश के बाद यहां भी मौसम सुहावना हो गया है और दिन के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। मौसम राडार स्टेशन, श्रीगंगानगर पर शनिवार सुबह न्यूनतम तापमान 22.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 23.9 डिग्री और अधिकतम तापमान 41.0 डिग्री रहा, जबकि गुरुवार को न्यूनतम 22.6 डिग्री और अधिकतम 42.4 डिग्री दर्ज किया गया था। इस मौसम बदलाव से गर्मी की चुभन कम हुई है।

# डोडा तस्करी के आरोपी को दो साल की सजा सुनाई

**जोधपुर, (कासं)।** एनडीपीएस न्यायालय जोधपुर के विशिष्ट न्यायाधीश मधुसूदन मिश्रा ने 12 साल पुराने अवैध मादक पदार्थ डोडा-पोस्त के मामले में फैसला सुनाते हुए आरोपी को 2 वर्ष का कठोर कारावास और बीस हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

गोविन्द जोशी विशिष्ट लोक अभियोजक एनडीपीएस जोधपुर ने बताया कि 17 जून 2014 को बेरू रोड बिश्नोईयों की ढाणियों के पास गोरधनराम कंधे पर एक प्लास्टिक का कट्टा रखे आ रहा था। उसी दौरान राजीव गांधी नगर पुलिस थाना के तत्कालीन थानाधिकारी कपूराराम मय पुलिस जाब्ता के गश्त पर थे। पुलिस को देखकर को देखकर वह दोनों कट्टे लेकर भागने लगा। पुलिस द्वारा पीछा कर पकड़ा गया। दस्तयाब कर कट्टे की तलाशी लेने पर उसमें से 5.250 किलोग्राम डोडा-पोस्त का चूरा बरामद हुआ। इस पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। बाद आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया। सुनवाई के दौरान विशिष्ट लोक अभियोजक एनडीपीएस जोधपुर गोविन्द जोशी अपना पक्ष रखते कहा कि वर्तमान में अवैध मादक पदार्थों के मामलों में उत्तरोत्तर वृद्धि होने, अवैध मादक पदार्थों से युवाओं का भविष्य बर्बाद होने से यह अपराध गंभीर किस्म की प्रकृति का है। उसका समाज में प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसलिए आरोपी को कठोरतम सजा दी जानी चाहिए। जबकि आरोपी ने नरमी बरतने का आग्रह किया।

विशिष्ट न्यायालय एनडीपीएस जोधपुर के विशिष्ट न्यायाधीश मधुसूदन मिश्रा ने अभियोजन पक्ष की ओर से प्रस्तुत 10 गवाह, 23 दस्तावेजी साक्ष्य और 3 आर्टिकल के आधार पर अभियुक्त गोरधनराम पुत्र जगरूप राम विश्नोई निवासी बिश्नोईयों की ढाणिया, बेरू पुलिस थाना राजीव गांधी नगर, जोधपुर को अवैध मादक पदार्थ डोड-पोस्त रखने के आरोप में दोषी ठहराते हुए दो वर्ष का कठोर कारावास व बीस हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई।

# कोटा में अफीम सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**कोटा, (निसं)।** मादक पदार्थ विरोधी अभियान को जारी रखते हुए केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) जयपुर सेल के अधिकारियों की टीम ने जिला भीलवाड़ा के गांव अरणिया घोड़ा शाहपुर रोड कृषि विज्ञान केन्द्र के पास कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ 4.275 किलोग्राम अफीम सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल के निर्देशन में की गई।

उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति मोटरसाइकिल से जिला भीलवाड़ा के गांव अरणिया घोड़ा शाहपुर रोड से अवैध मादक पदार्थ अफीम ले जा रहे हैं। इस सूचना पर सीबीएन जयपुर सेल के अधिकारियों की एक टीम गठित की गई और टीम को मौके के लिये रवाना किया गया। टीम ने मौके पर कड़ी निगरानी रखते हुए उक्त व्यक्तियों और मोटरसाइकिल की पहचान करने के बाद उन्हें कृषि विज्ञान केंद्र के पास रोक लिया। टीम ने मौके पर मोटरसाईकिल की तलाशी ली तो तलाशी के दौरान मोटरसाइकिल से जुड़े एक बैग के अंदर रखे चार पॉलिथीन पैकेटों से 4.275 किलोग्राम अवैध अफीम बरामद की गई। टीम ने मौके पर बरामद अफीम और वाहन को जब्त कर लिया। टीम ने मौके पर एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, मामले में आगे की जांच प्रकिया जारी है।

# टोंक : ट्रक की टक्कर लगने से तेल के टैंकर में छेद हुआ

**टोंक, (निसं)।** मेहंदवास थाना क्षेत्र स्थित नेशनल हाईवे 52 पर शनिवार को ट्रक की टक्कर से तेल से भरे टैंकर में एक बड़ा छेद हो गया, जिसके बाद टैंकर से तेल की धार बहने लगी। बाद में देखते ही देखते ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और सरसों का तेल भरने के लिए लोग प्लास्टिक की बाल्टियां और स्टील के पीपे लेकर आ पहुंचे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक की टक्कर से टैंकर के पीछे करीब 3 इंच का छेद हो गया, जिससे तेल की धार बहने लगी, जिसके बाद सरसों का तेल लूटने के लिए राहगीर और आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बर्तनों में तेल भरने लगे।

टैंकर चालक धर्मेंद्र ने बताया कि शनिवार सुबह करीब दस बजे वह कोटा से टैंकर में सरसों का तेल भरकर जयपुर जा रहा था। इस दौरान नेशनल हाइवे 52 पर दाखिया गांव के पास सरसों के तेल से भरे टैंकर को पीछे से एक ट्रक ने टक्कर मार दी। इससे टैंकर में करीब 2 से 3 इंच का छेद हो गया। इसके बाद सरसों के टैंकर से तेल की धार फूट पड़ी, ड्राइवर इस छेद को किसी कपड़ा ठूसकर या अन्य तरीके से रोकता, तब तक करीब डेढ़ हजार लीटर सरसों का तेल जमीन पर बह चुका था। इसकी सूचना जैसे ही राहगीरों को लगी तो वे और आसपास रहने वाले ग्रामीण प्लास्टिक की पिपियां, लोहे और स्टील के बर्तन लेकर घटना स्थल पर आ पहुंचे। इसके बाद तेल को भरकर घर ले जाने की होड़ मच गई। हालांकि करीब आधा घंटे बाद तेल की धार को कपड़ा ठूंसकर रोका गया। मेहंदवास थाना प्रभारी रामसिंह का कहना है कि मामले में अभी तक किसी भी पक्ष की तरफ से मामला दर्ज नहीं करवाया गया है, शुरुआती तौर पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## पत्नी ने पति पर दूसरी शादी करने का आरोप लगाया

**अलवर, (निसं)।** सदर थाना क्षेत्र में एक महिला ने अपने पति पर दूसरी शादी करने का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत दी है। पीड़िता के अनुसार उसकी शादी 1 अप्रैल 2022 को हुई थी। उसके दो बेटियां हैं। महिला का आरोप है कि बेटियों के जन्म के बाद से उसका पति उसके साथ मारपीट करने लगा। उसके ससुराल पक्ष के अन्य लोग भी दहेज की मांग कर रहे हैं। महिला ने बताया कि उसे सूचना मिली कि उसका पति बिना बताए दूसरी शादी कर रहा है। इस पर वह पुलिस को लेकर मौके पर पहुंची। इस दौरान उसके पति को पुलिस के आने की भनक लगते ही मौके से फरार हो गया। वहीं दूसरी ओर ससुराल पक्ष ने सभी आरोपों को निराधार बताया है। उनका कहना है कि उनके बेटे की शादी नहीं हो रही थी, बल्कि परिवार में उसकी बहन की शादी का कार्यक्रम था।

# बीकानेर में हिस्ट्रीशीटर के अवैध मकान को बुलडोजर से तोड़ा

**बीकानेर, (निसं)।** शहर में अपराधियों के खिलाफ पुलिस-प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए सर्वोदय बस्ती में हिस्ट्रीशीटर सीताराम पुत्र रामकिशन जाट उर्फ सीताराम कस्वां के अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त कर दिया। बीडीए की मांग पर भारी पुलिस जाब्ते की मौजूदगी में 'पीला पंजा' मकान पर चला और अवैध हिस्सों को मलबे में तब्दील कर दिया गया।

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, सीताराम कस्वां के खिलाफ बीकानेर के विभिन्न थानों में 11 से अधिक गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। ऐसे में अपराधियों पर लगाम कसने के उद्देश्य से यह कार्रवाई की गई। बुलडोजर की गड़गड़ाहट के साथ ही पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। कार्रवाई के दौरान सीओ सिटी अनुज डाल, थानाधिकारी बिजेंद्र शीला सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। वहीं बीडीए के तहसीलदार महेंद्र सिंह रत्नू मौके पर मौजूद रहकर पूरी कार्रवाई की निगरानी करते रहे। प्रशासन ने इस कार्रवाई के जरिए स्पष्ट संदेश दिया है कि अपराध और अवैध कब्जे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे।

## बीकानेर में चाइनीज मांझे से बच्चे का गला कटा, मौत

### चाइनीज मांझे से गले में ब्लड सप्लाई करने वाली नस कट चुकी थी, इससे बच्चे की मौत हो गई

**बीकानेर, (निसं)।** चाइनीज मांझे से गला कटने के कारण आठ साल के बच्चे की मौत हो गई। मांझे से बच्चे की श्वांस नली तक कट चुकी थी। घटना देशनोक में ओवरब्रिज पर चढ़ते समय हुई।

■ **पिता के साथ बाइक पर शॉपिंग करने बाजार जा रहा था, बाइक पर आगे बैठा हुआ था बालक**

जानकारी के अनुसार कि उदासर गांव निवासी किशनलाल अपने बेटे विराट (8), पत्नी और बेटी को बाइक से बीकानेर ले जा रहा था। विराट बाइक पर आगे बैठा हुआ था। परिवार में शादी होने के कारण सभी लोग खरीदारी के लिए निकले थे। पोस्टमॉर्टम करने वाली मेडिकल टीम के अनुसार चाइनीज मांझे से गले में ब्लड सप्लाई करने वाली नस कट चुकी थी। इससे उसकी मौत हो गई। देशनोक ओवरब्रिज पर चढ़ते समय अचानक चाइनीज मांझा विराट की गले में उलझ गया। मांझे से बच्चे के गले पर गहरा घाव हो गया और वह लहूलुहान हो गया। अचानक बेटे के खून आता देख पिता घबरा गए और उसे देशनोक अस्पताल ले गए। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बच्चे के माता-पिता मजदूरी करते हैं। पोस्टमॉर्टम करने वाले डॉ. विजयंत निर्वाण का कहना है कि विराट को अस्पताल लेकर आए, तब तक उसका काफी खून बह चुका था। गले में बहुत ज्यादा गहरा कट लगा था, जिससे ब्लड सप्लाई करने वाली नस कट चुकी थी। देशनोक थानाधिकारी सुमन शेखावत ने बताया कि चाइनीज मांझे का उपयोग कौन कर रहा है, इसका पता लगा रहे हैं।

# अजमेर : अक्षय तृतीया पर बाल विवाह की रोकथाम के लिये रैली निकाली

## रैली के माध्यम से लोगों को बाल विवाह के विरुद्ध शपथ दिलाई

**अजमेर, (कासं)।** बाल अधिकारों की सुरक्षा और बाल विवाह की रोकथाम के उद्देश्य से राजस्थान महिला कल्याण मंडल द्वारा अक्षय तृतीया के अवसर पर सतर्कता दिवस मनाते हुए जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। संस्था जिला प्रशासन, पंचायतों, विद्यालयों और धर्मगुरुओं के सहयोग से जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए लगातार अभियान चला रही है। इस दौरान लोगों को बाल विवाह के विरुद्ध शपथ भी दिलाई गई।

संस्था के संयुक्त निदेशक अनुराग सक्सेना ने कहा कि अक्षय तृतीया जैसे शुभ अवसर की आड़ में बाल विवाह जैसे अपराध को स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने बताया कि जागरूकता अभियानों के चलते ऐसे मामलों में कमी आई है, लेकिन इसे पूर्णत: समाप्त करने के लिए निरंतर प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने यह भी बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत बाल विवाह दंडनीय अपराध है, जिसमें




राजस्थान महिला कल्याण मंडल द्वारा अजमेर जन जागरुकता रैली निकाली गई।

शामिल होने वाले सभी व्यक्तियों पर कार्रवाई हो सकती है। जागरूकता बढ़ने से अब लोग स्वयं ऐसी घटनाओं की सूचना प्रशासन को दे रहे हैं, जिससे समय रहते रोकथाम संभव हो रही है। रैली को अनुराग सक्सेना ने हरी झंडी दिखाकर किया। कार्यक्रम में नेमीचंद वैष्णव, दीपक जोरम, ज्योति मंडरावलिया, निशा रावत, मयंक रंगा, विक्रांत बोयत सहित सागर महाविद्यालय के विद्यार्थी और स्टाफ उपस्थित रहे।

## झुंझुनूं में बेकाबू कार दुकान में घुसी, हादसा टला

### सीसीटीवी में कैद हुआ हादसा, कार ने बाहर खड़ी बाइकों को मारी टक्कर

**झुंझुनूं, (निसं)।** शहर के हाउसिंग बोर्ड इलाके में शुक्रवार शाम तेज रफ्तार एक कार का कहर देखने को मिला, जब एक बेकाबू कार सीधे बाइक गैरेज की दुकान में जा घुसी। हादसे में कई मोटरसाइकिलें क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि कार में सवार युवकों को मामूली चोटें आई। गनीमत रही कि घटना के समय दुकान के बाहर कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हुंडई कार चूरू बाईपास की ओर तेज गति से जा रही थी। अचानक चालक का संतुलन बिगड़ गया और कार लहराते हुए नियंत्रण से बाहर हो गई। इससे पहले कि चालक संभल पाता, कार सीधे बाइक गैरेज के बाहर खड़ी मोटरसाइकिलों से टकरा गई। कार की रफ्तार इतनी अधिक थी कि टक्कर के बाद दुकान का शीशा चकनाचूर हो गया। बाहर खड़ी दो से तीन मोटरसाइकिलों को भारी नुकसान पहुंचा। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और स्थानीय लोगों ने तुरंत स्थिति को संभाला। पास के एक मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना रिकॉर्ड हो गई। फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि कार किस तेजी से दुकान की ओर बढ़ती है और पल भर में टक्कर हो जाती है।

वीडियो सामने आने के बाद इलाके में चर्चा का माहौल है। कार में 3 से 4 युवक सवार थे, जिन्हें हल्की चोटें आई हैं। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। दुर्घटना में कार और बाइकों को काफी नुकसान हुआ है, लेकिन किसी प्रकार की जनहानि नहीं होने से लोगों ने राहत की सांस ली।

